कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार

(संग्रहालय निदेशालय)

कार्यालय, लखीसराय संग्रहालय, लखीसराय।

---

## निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या 76 / कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार (संग्रहालय निदेशालय) के अंतर्गत लखीसराय संग्रहालय, लखीसराय में साफ–सफाई, भवन, उद्यान एवं परिसर के रख–रखाव कार्य हेतु माली, सफाईकर्मी की सेवा के लिए प्रतिठित निबंधन एजेंसी यथा–कंपनी/गैर सरकारी संगठन/फर्म/प्रतिष्ठान का चयन करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। कम्पूटर टंकित मुहरबंद निविदा दिनांक–28.07.2026 को अपराह्न 4:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में प्राप्त किया जाएगा। निविदा प्रारूप कला एवं संस्कृति विभाग की वेबसाईट https;//state.bihar.gov.in/yac से डाउनलोड की जा सकती है अथवा कार्यालय अवधि में लखीसराय संग्रहालय, लखीसराय के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

Dilip Kumar
09/07/2026

सहायक संग्रहालयाध्यक्ष,
लखीसराय संग्रहालय, लखीसराय।

कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार
(संग्रहालय निदेशालय)
कार्यालय, लखीसराय संग्रहालय, लखीसराय।

निविदा आमंत्रण सूचना

लखीसराय, दिनांक 9/7/26

संख्या 76 / कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार (संग्रहालय निदेशालय) के अंतर्गत लखीसराय संग्रहालय, लखीसराय में साफ-सफाई, भवन, उद्यान एवं परिसर के रख-रखाव कार्य हेतु माली तथा सफाईकर्मी की सेवा के लिए प्रतिष्ठित निबंधित एजेंसी यथा- कंपनी/गैर सरकारी संगठन/फर्म/प्रतिष्ठान का चयन करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। कम्प्यूटर टंकित तकनीकी निविदा (Annexure-I) एवं वित्तीय निविदा (Annexure-II) दो अलग-अलग लिफाफे में सील बंद करते हुए उक्त लिफाफे पर **'आउटसोर्सिंग के तहत सेवा प्रदान करने हेतु निविदा'** स्पष्ट रूप से अंकित कर मुहरबंद निविदा दिनांक- 28.07.2026 को अपराह्न 4:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में प्राप्त किया जाएगा।

**सामान्य शर्तें**

1. तकनीकी निविदा के साथ संलग्न सभी अनुलग्नकों को पृष्ठांकित कर अग्रसारण पत्र पर उसका उल्लेख करना होगा।
2. तकनीकी निविदा के साथ संलग्न किये जाने वाले सभी दस्तावेजों को स्वप्रमाणित किया जाना अनिवार्य होगा। स्वप्रमाणित नहीं होने की स्थिति में निविदा अमान्य कर दी जाएगी।
3. निविदा स्पष्ट तथा कंप्यूटर टंकित होनी चाहिए। किसी प्रकार की कटिंग अथवा ओवर राइटिंग वाली निविदा मान्य नहीं होगी।
4. दो या अधिक निविदादाताओं की वित्तीय बोली की राशि समान होने की स्थिति में एजेंसी का चयन लॉट्री के माध्यम से किया जाएगा। चयन प्रक्रिया का निर्धारण करने हेतु क्रय समिति स्वतंत्र होगी।
5. चयनित एजेंसी को 1000/- (रूपये एक हजार) मात्र के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर **सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, लखीसराय संग्रहालय, लखीसराय** के साथ एकरारनामा संपन्न करना होगा, जिसके नियम एवं शर्तों का पालन करना एजेंसी के लिए अनिवार्य होगा।
6. एजेंसी का चयन एक वर्ष के लिए अथवा विभाग स्तर पर एजेंसी के चयन होने तक, जो भी पहले हो, के लिए किया जाएगा। एजेंसी का कार्य संतोषप्रद रहने तथा विभाग स्तर पर एजेंसी की चयन प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने की स्थिति में एजेंसी की कार्य अवधि बढ़ाई जा सकेगी।
7. चयनित एजेंसी द्वारा प्रतिनियुक्त किये जाने वाले माली एवं सफाई कर्मी की आयु 18 वर्ष से कम तथा 58 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवश्यकतानुसार माली एवं सफाई कर्मी की संख्या घटाई अथवा बढ़ाई जा सकेगी।
8. चयनित एजेंसी को सभी माली एवं सफाई कर्मी को पहचान-पत्र एवं पोषाक उपलब्ध कराना होगा, जिस पर संबंधि एजेंसी का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा।
9. एजेंसी को प्रतिनियुक्त किए गए कर्मियों को अगले माह की 7 तारीख तक पारिश्रमिक का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जाना अनिवार्य होगा।
10. आवंटन उपलब्ध रहने पर ही भुगतान किया जाएगा। आवंटन के अभाव में भुगतान में विलम्ब हो सकता है। उक्त स्थिति में भी कर्मियों को चयनित एजेंसी द्वारा नियमित रूप से भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा।

11. कार्य संतोषजनक न रहने की स्थिति में चयनित एजेंसी को एक माह का नोटिस देते हुए एकरारनामा समाप्त कर दिया जाएगा तथा उनकी जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।
12. निविदा को आंशिक रूप से अथवा पूर्णतः स्वीकृत अथवा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
13. किसी भी प्रकार के विवाद के निस्तारण हेतु स्थानीय स्तर पर न्यायिक क्षेत्र लखीसराय संग्रहालय, लखीसराय होगा एवं राज्य स्तर पर माननीय उच्च न्यायालय, पटना होगा।
14. आर्बिट्रेशन की स्थिति में आर्बिट्रेशन का स्थान पटना होगा तथा निदेशक, संग्रहालय, बिहार आर्बिट्रेशन प्राधिकार/एकमात्र आर्बिट्रेटर होंगे।

<u>तकनीकी शर्तें</u>

1. निविदादाता कंपनी/गैर सरकारी संगठन/फर्म/प्रतिष्ठान के संगत कानून के अधीन निबंधित होने के प्रमाण–पत्र की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता कंपनी/गैर सरकारी संगठन/फर्म/प्रतिष्ठान के नाम से संचालित बैंक खाते का प्रमाण संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता कंपनी/गैर सरकारी संगठन/फर्म/प्रतिष्ठान के पास वैध लेबर लाइसेंस, PAN, GST पंजीकरण प्रमाण–पत्र, GST रिटर्न की प्रति, आयकर रिटर्न की प्रति (वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25), ESIC एवं EPF पंजीकरण, सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अद्यतन चरित्र प्रमाण–पत्र तथा आवासीय प्रमाण–पत्र होना चाहिए, जिसकी स्वहस्ताक्षरित छायाप्रतियाँ तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करनी होंगी।
4. निविदादाता कंपनी/गैर सरकारी संगठन/फर्म/प्रतिष्ठान के पास किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्थान में मानवबल आपूर्ति कार्य का कम–से–कम विगत तीन वर्षों का अनुभव होना चाहिए। साक्ष्य के रूप में संबंधित संस्थान द्वारा निर्गत संतोषजनक कार्य निष्पादन प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा। कार्यादेश को अनुभव के साक्ष्य के रूप में मान्य नहीं किया जाएगा।
5. निविदादाता कंपनी/गैर सरकारी संगठन/फर्म/प्रतिष्ठान को पिछले पाँच वर्षों के दौरान किसी भी सरकारी, अर्द्ध–सरकारी अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम द्वारा ब्लैकलिस्ट, पंजीकरण रद्द अथवा प्रतिबंधित नहीं किया गया होना चाहिए। इसके समर्थन में प्रथम श्रेणी दण्डाधिकारी अथवा नोटरी द्वारा सत्यापित गैर–न्यायिक स्टाम्प पेपर पर शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. निविदादाता कंपनी/गैर सरकारी संगठन/फर्म/प्रतिष्ठान के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में कोई मामला लंबित नहीं होने संबंधी प्रथम श्रेणी दण्डाधिकारी अथवा नोटरी द्वारा सत्यापित गैर–न्यायिक स्टाम्प पेपर पर शपथ–पत्र संलग्न करना होगा।
7. माली की मजदूरी श्रम विभाग द्वारा निर्धारित कुशल श्रेणी तथा सफाईकर्मी की मजदूरी अकुशल श्रेणी के अनुरूप देय होगी।
8. चयनित एजेंसी को प्रतिनियुक्त कर्मियों के EPF एवं ESIC पंजीकरण का सत्यापित विवरण तथा उनके पुलिस सत्यापन प्रमाण–पत्र प्रथम माह के विपत्र के साथ उपलब्ध कराना होगा। उक्त दस्तावेजों की प्राप्ति के उपरांत ही प्रथम माह के विपत्र का भुगतान किया जाएगा।

<u>वित्तीय शर्तें</u>

1. निविदादाता कंपनी/गैर सरकारी संगठन/फर्म/प्रतिष्ठान का वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24 तथा 2024–25 का औसत वार्षिक टर्नओवर ₹20.00 लाख (बीस लाख रुपये) से कम नहीं होना चाहिए। निविदादाता को उक्त वित्तीय वर्षों का ऑडिटेड वित्तीय विवरण (लाभ–हानि खाता) प्रस्तुत करना होगा, जो किसी चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा विधिवत प्रमाणित हो।

2. निविदादाता कंपनी/गैर सरकारी संगठन/फर्म/प्रतिष्ठान को अग्रधन (EMD) के रूप में ₹20,000/– (रुपये बीस हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट तकनीकी प्रस्ताव के साथ संलग्न करना होगा, जो सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, लखीसराय संग्रहालय, लखीसराय के नाम देय होगा। बैंक ड्राफ्ट निविदा सूचना निर्गत होने की तिथि के बाद का होना चाहिए। बिहार सरकार के अधीन सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्धारित श्रेणी में निबंधित निविदादाताओं को अग्रधन राशि से छूट प्रदान की जाएगी।
3. वित्तीय निविदा में दरें EPF, ESIC, लागू करों तथा सेवा प्रदाता के सेवा शुल्क सहित अंकित की जाएंगी। मासिक देय राशि की गणना माह के 26 (छब्बीस) कार्य दिवसों की मजदूरी के आधार पर श्रम विभाग द्वारा निर्धारित अद्यतन पारिश्रमिक दरों के अनुसार की जाएगी। वित्तीय प्रस्ताव में निम्न मदों को पृथक–पृथक अंकित करना अनिवार्य होगा–

   (क) देय मजदूरी, (ख) EPF अंशदान, (ग) ESIC अंशदान, (घ) सेवा शुल्क, (ङ) अन्य लागू कर, (च) कुल देय राशि।
4. निविदादाता द्वारा वित्तीय निविदा में सेवा शुल्क बिहार सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम सेवा शुल्क 3.85% से कम अंकित नहीं किया जाएगा। निर्धारित न्यूनतम दर से कम सेवा शुल्क अंकित किए जाने की स्थिति में निविदा अमान्य घोषित कर दी जाएगी।
5. चयनित एजेंसी को जमानत राशि (Security Deposit) के रूप में ₹35,000/– (रुपये पैंतीस हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ₹35,000/– की बैंक गारंटी, जो सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, लखीसराय संग्रहालय, लखीसराय के नाम निर्गत हो, एकरारनामा के साथ जमा करानी होगी।
6. चयनित एजेंसी द्वारा कर्मियों को किए गए भुगतान का बैंक विवरण (Bank Statement) तथा EPF एवं ESIC मद में जमा किए गए निर्धारित अंशदान (नियोक्ता एवं कर्मी अंश) के साक्ष्य सहित सत्यापित विवरणी कार्यालय को उपलब्ध कराने के उपरांत ही अगले माह के विपत्र का भुगतान किया जाएगा।

Dilip Kumar
09/07/2026

सहायक संग्रहालयाध्यक्ष
लखीसराय संग्रहालय, लखीसराय।

**अनुसूची–I**

(निविदादाता के लेटर पैड पर तकनीकी निविदा के साथ)

**तकनीकी निविदा के साथ संलग्न किए जाने वाले आवश्यक संलग्नकों की सूची (चेक लिस्ट)**

| क्र. | संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज का विवरण | टिक करें | | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|---|
| | | हाँ | नहीं | |
| 1 | निविदादाता के संगत कानून के अधीन निबंधित होने के प्रमाण–पत्र | | | |
| 2 | कार्यालय प्रधान के नाम से देय रू. 10,000/– (दस हजार) मात्र का बैंक ड्राफ्ट | | | |
| 3 | अनुभव प्रमाण–पत्र | | | |
| 4 | निविदादाता का पिछले तीन वित्तीय वर्षों 2023–24, 2024–25 2025–26 का C.A. द्वारा ऑडिट रिपोर्ट | | | |
| 5 | निविदादाता के नाम से चल रहे बैंक खाते का प्रमाण | | | |
| 6 | निविदादाता के वैध लेबर लाइसेंस की छायाप्रति | | | |
| 7 | निविदादाता के PAN Card की छायाप्रति | | | |
| 8 | निविदादाता के GST पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति | | | |
| 9 | निविदादाता के पिछले 3 वित्तीय वर्षों 2023–24, 2024–25 2025–26 की IT रिटर्न की छायाप्रति | | | |
| 10 | निविदादाता के ESIC पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति | | | |
| 11 | निविदादाता के EPF पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति | | | |
| 12 | निविदादाता के अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति | | | |
| 13 | निविदादाता के आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति | | | |
| 14 | निविदादाता को पिछले पाँच वर्षों के दौरान किसी भी सरकारी/अर्ध–सरकारी/PSU उपक्रम द्वारा ब्लैकलिस्ट, पंजीकरण रद्द या प्रतिबंधित नहीं किये जाने सम्बन्धी शपथ पत्र | | | |
| 15 | निविदादाता के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में कोई मामला लंबित न होने सम्बन्धी शपथ–पत्र | | | |
| 16 | अन्य, यदि कोई हो | | | |

प्रोपराइटर या प्रतिष्ठान के अधिकृत
व्यक्ति का हस्ताक्षर एवं मुहर

**अनुसूची–II**

(निबंधित प्रतिष्ठान अपने लेटर पैंड पर जमा करेंगे)

**वित्तीय निविदा**

लखीसराय संग्रहालय, लखीसराय के लिए स्वीपर तथा माली की संख्या तथा दिनांक–01.04.2026 के प्रभाव से श्रम एवं नियोजन विभाग द्वारा निर्गत पारिश्रमिक के दर के आधार पर गणनाः–

| कार्य का ब्यौरा | संख्या | श्रेणी | पारिश्रमिक की दर | माहवार राशि |
|---|---|---|---|---|
| माली (उद्यान एवं परिसर के सभी प्रकार के कार्य) | 02 | कुशल | | |
| सफाई कर्मी (भवन एवं परिसर तथा सभी शौचालयों आदि के सफाई) | 03 | अकुशल | | |
| | | | कुल योगः– | |
| E.P.F. as applicable | | | | |
| E.S.I. as applicable | | | | |
| Service charges | | | | |
| G.S.T. as applicable | | | | |
| अन्य कोई कर यदि लागू हो | | | | |
| कुल राशि प्रतिमाह | | | | |

**नोटः–**

1. वित्तीय निविदा में किसी प्रकार की कटिंग/ओवर राइटिंग रहने पर निविदा अमान्य कर दी जायेगी।
2. कार्यबलों के माहवार राशि की गणना माह में 26 दिन के आधार पर की जाएगी।

प्रोपराइटर या प्रतिष्ठान के अधिकृत
व्यक्ति का हस्ताक्षर एवं मुहर